RNI NO. - CHHHIN/2011/38292



**13 वर्ष निर्भीक पत्रकारिता के**

**अब 14 वें वर्ष की ओर**

**पाठकों/दर्शकों का असीम स्नेह**



Bharatsamman.com | Bharat samman | Bharat Samman

हो जाओ सावधान

वर्ष-14 अंक-23 — अम्बिकापुर, गुरूवार, 02 मई 2024 — कुल पृष्ठ-4 मूल्य-1.00 रू.


# सुप्रीम कोर्ट से बाबा रामदेव को फिर झटका, माफीनामे की मांगी ओरिजिनल कॉपी



**नई दिल्ली।** पतंजलि विज्ञापन मामले पर सुप्रीम कोर्ट में करीब डेढ़ घंटे तक सुनवाई हुई। रामदेव और बालकृष्ण पांचवीं बार जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की बेंच में पेश हुए। पतंजलि की ओर से मुकुल रोहतगी और बलबीर सिंह ने पैरवी की। उत्तराखंड सरकार की ओर से ध्रुव मेहता पेश हुए। आज की सुनवाई में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) भी शामिल हुआ। सुनवाई शुरू होते ही कोर्ट ने मूल कॉपी पतंजलि के वकील को दे दी। माफी की जगह ई-फाइलिंग (समाचार पत्रों की कॉपी) करने पर फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा- बहुत बड़ा कम्युनिकेशन गैप है। कोर्ट ने इस पर आपत्ति जताई और कहा कि ऐसा जानबूझकर किया जा रहा है। पतंजलि के वकील ज्यादा होशियार हैं। पूरा अखबार दाखिल करना पड़ा। कोर्ट ने पतंजलि के खिलाफ समय पर कार्रवाई न करने पर उत्तराखंड सरकार को भी फटकार लगाई। साथ ही एक दिन पहले आईएमए प्रमुख द्वारा दिए गए इंटरव्यू को भी रिकॉर्ड करने को कहा है।

कोर्ट ने पतंजलि को अखबार में माफीनामा का विज्ञापन पेश करने की इजाजत दे दी। ई-फाइलिंग और कटिंग की अनुमति नहीं थी। अगली सुनवाई के लिए बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण को सुनवाई के दौरान मौजूद रहने से छूट दे दी गई। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष के मीडिया साक्षात्कार का मुद्दा भी सुना, जिसमें वह उंगली उठाने के लिए आईएमए की आलोचना कर रहे हैं। कोर्ट ने ये इंटरव्यू इसलिए मांगा है ताकि फैसला लिया जा सके कि क्या कार्रवाई की जानी चाहिए। कोर्ट ने उत्तराखंड लाइसेंसिंग अथॉरिटी की ओर से दाखिल हलफनामे की आलोचना की है। कहा कि जब कोर्ट ने आदेश दिया तब अधिकारी जागे। कोर्ट ने कहा कि अधिकारियों को खुद ही सावधानी बरतनी होगी। पूछा कि कोर्ट के आदेश से पहले और बाद में क्या कार्रवाई की गयी। राज्य लाइसेंसिंग अथॉरिटी को 14 मई तक जवाब देने का निर्देश दिया गया है। अगली सुनवाई 17 मई को होगी। सोमवार को अथॉरिटी ने पतंजलि आयुर्वेद और दिव्य फार्मेसी के करीब 14 उत्पादों के मैन्युफैक्चरिंग कर दिए थे।

# मारा गया गोल्डी बराड़! अमेरिका में गोलियों से भून देने का दावा





नई दिल्ली। पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड के मुख्य आरोपी गैंगस्टर गोल्डी बराड़ की हत्या की खबर सामने आई है। बताया जाता है कि गोल्डी को अमेरिका में गोलियां मारकर कत्ल किया गया। हालांकि गोल्डी की मौत की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है और इस खबर को मीडिया रिपोर्टस का दावा ही बताया जा रहा है। दरअसल एक अमेरिकी न्यूज चैनल ने दावा किया कि अमेरिका के फेयरमोंट और होल्ट एवेन्यू में मंगलवार (30 अप्रैल) शाम 5ः25 बजे गोल्डी बराड़ को गोलियां मारी गईं। एक विदेशी न्यूज वेबसाइट ने दावा किया कि फ्रैजनो पुलिस लेफ्टिनेंट लेसली विलियम्स ने बताया है कि सेंट्रल फ्रैजनों में गोली लगने के बाद मंगलवार शाम दो व्यक्तियों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। इनमें से एक की मौत हुई। दावा किया जा रहा है कि उसका नाम गोल्डी बराड़ था। हालांकि इस वारदात की कोई भी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। दरअसल गोल्डी बराड़ की आखिरी लोकेशन फ्रैजनों में ही मिली थी। उल्लेखनीय है कि सिद्धू मूसेवाला की हत्याकांड का मुख्य आरोपी गोल्डी बराड़ है और लारेंस बिश्नोई का खास साथी है।

# सलमान खान फायरिंग केसः पुलिस हिरासत में आरोपी ने की आत्महत्या, चादर से फंदे लगाया

**मुंबई।** अभिनेता सलमान खान के घर पर हुई फायरिंग के मामले में बड़ी खबर सामने आई है। खबर यह है कि इस वारदात में आरोपियों को हथियार सप्लाई करने के आरोपी अनुज थापन ने मुंबई पुलिस की कस्टडी में आत्महत्या कर ली। उसने चादर से फंदा लगा लिया। अनुज को बेहद गंभीर हालत में अस्पताल लाया गया था, जहां डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया। मुंबई क्राइम ब्रांच ने फायरिंग केस में 25 अप्रैल को अनुज (32) और सुभाष चंदर (37) को पंजाब से हिरासत में लिया था। अनुज लॉरेंस बिश्नोई गैंग के संपर्क में था। वो ट्रक हेल्पर के तौर पर काम करता है। मुंबई की क्राइम ब्रांच ने सूरत की तापी नदी से एक पिस्टल और कुछ जिंदा कारतूस बरामद किए थे। ब्रांच का दावा है कि ये वही हथियार थे, जिसका इस्तेमाल 14 अप्रैल को सलमान खान के घर पर हुई फायरिंग के लिए किया गया। पुलिस के मुताबिक इन हथियारों की सप्लाई अनुज और सुभाष ने की थी। सूत्रों से जानकारी मिली है कि सलमान खान के आवास के बाहर गोलीबारी के सिलसिले में महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) के आरोपों का सामना कर रहे चार आरोपियों में एक ने मामले में सरकारी गवाह बनने की इच्छा जताई थी। हाालांकि पुलिस ने उस आरोपी के नाम का खुलासा नहीं किया था कि वह कौन है।

## बीजेपी में शामिल हुईं 'अनुपमा', बोलीं- पीएम मोदी के बताए रास्ते पर चलकर देश की सेवा करूंगी



**नई दिल्ली।** अनुपमा' फेम टीवी अभिनेत्री रुपाली गांगुली ने बुधवार को भाजपा का दामन थाम लिया। उनके साथ अमेय जोशी ने भी भाजपा का दामन थामा। भाजपा राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े, भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया प्रमुख अनिल बलूनी और संजय मयूख की मौजूदगी में पार्टी मुख्यालय में रुपाली गांगुली और अमेय जोशी ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। विनोद तावड़े ने रुपाली गांगुली और अमेय जोशी, दोनों व्यक्तियों का पार्टी में स्वागत करते हुए वोट जिहाद को लेकर कांग्रेस पर जमकर निशाना भी साधा। तावड़े ने कांग्रेस पर भारतीय लोकतंत्र की प्रतिष्ठा को पूरी दुनिया में ठेस पहुंचाने का आरोप लगाते हुए कहा कि विपक्ष अपने प्रचार में अब सिर्फ झूठ ही नहीं बल्कि वोट जिहाद के प्रचार तक उतर आया है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे और कांग्रेस यह बताएं कि क्या कांग्रेस आलाकमान के निर्देश पर वोट जिहाद की बात चलाई जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि इससे विपक्ष की बौखलाहट का पता चलता है कि उनके पैरों तले जमीन खिसक गई है। वहीं भाजपा में शामिल होने के बाद रुपाली गांगुली ने कहा कि वह कला के रास्ते यहां तक पहुंची हैं और वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बताए रास्ते पर चलकर देश की सेवा करेंगी। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने जिस तरह से हर भारतीय की आत्मा पर अमिट छाप छोड़ी है, उसी तरह से उन्होंने उनकी आत्मा पर भी छाप छोड़ी है और वह सबके आशीर्वाद से भाजपा में शामिल हो रही हैं।

# आचार्य और सेवादार की घिनौनी करतूत, महाकाल की नगरी में 19 बच्चों से कुकर्म

**नई दिल्ली।** उज्जैन के दंडी आश्रम में पढ़ने वाले 19 बच्चों के साथ यौन शोषण किया गया। आश्रम का आचार्य और सेवादार बच्चों के साथ यह कुकर्म करता रहा। आश्रम में पढ़ने वाले 19 बच्चों की शिकायत पर महाकाल थाना पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। आश्रम के संचालक ने पुलिस बुलाकर आचार्य को गिरफ्तार कराया। सेवादार फरार है।

### कमरे में बुलाकर करते थे गंदा काम

बड़नगर रोड स्थित 30 साल पुराने दंडी आश्रम में बच्चों के साथ कई दिनों से आचार्य राहुल शर्मा और सेवादार अजय ठाकुर गलत काम कर रहा था। दोनों बच्चों को कमरे में बुलाकर घिनौना काम करते थे। शुरू में तीन बच्चों के साथ गलत काम होने की जानकारी सामने आई। अभिभावकों ने बैठक की तो पीड़ित किशोरों की संख्या तीन से बढ़कर 19 हो गई। राजगढ़, मंदसौर और देवास के पुलिस को बताया कि पिछले कई दिन से अजय ठाकुर और राहुल शर्मा उनका यौन शोषण कर रहे थे। पुलिस ने राहुल शर्मा को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं अजय फरार है।

### बच्चों ने माता-पिता को बताया तो खुला राज

आश्रम संचालक ने बताया कि कुछ समय पहले अभिभावकों ने सेवादार अजय ठाकुर की शिकायत की थी। उसे बाहर निकाल दिया था। फिर एक के बाद एक बच्चों की शिकायत आने लगी। हमने सभी अभिभावकों के साथ मंगलवार को बैठक की। बैठक में 20 से अधिक बच्चों के अभिभावक आए थे। सभी ने सेवादार अजय की शिकायत अपने माता-पिता से की थी। उनका गुस्सा भी अजय ठाकुर पर ही था। बैठक में एक-एक कर बच्चों को बुलाकर अजय के बारे में जानकारी ली, लेकिन इसी दौरान एक बच्चे ने रोते हुए आचार्य राहुल शर्मा का नाम भी लिया। इसके बाद पुलिस से शिकायत की गई। बता दें, आरोपी




आचार्य राहुल शर्मा ने 7 महीने पहले एक रेप पीड़ित की मदद की थी। खून से सनी 12 साल की बच्ची आधे-अधूरे कपड़ों में ढाई घंटे से भटक रही थी। राहुल ने उसे खाना खिलाकर महाकाल थाने में सूचना दी थी।




**आमजन, गरीब-मज़लूमों पर होने वाले अत्याचार के विरुद्ध क्रांतिकारी पत्रकारिता का नाम है भारत सम्मान, जब शासन-सत्ता में बैठे ऐसे लोग जो पद-पावर के नशे में चूर होकर करते हैं अपने कर्तव्यपालन में चूक तो भारत सम्मान करता है उन्हें दुरुस्त...**

**2011 से भारत सम्मान आगे बढ़ रहा है और मिसाल क़ायम कर रहा है ईमानदार पत्रकारिता की..**

**भारत सम्मान दैनिक समाचार पत्र के साथ-साथ वेबसाईट - www.bharatsamman.com, फेसबुक पेज - Bharat Samman व यू-ट्यूब - Bharat Samman News के माध्यम से जनहित के खबरों को प्राथमिकता देते हैं। हमारा दावा है यदि आप पर ज़ुल्म हुआ है, आप न्याय के लिए कर रहे हैं संघर्ष तो केवल एक ही नाम आपको याद होना चाहिए...**

## भारत सम्मान

**इसी क्रांतिकारी मुहिम से निम्न जगहों पर जुड़ने के लिए सम्पर्क करें**

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, उत्तर प्रदेश, उताराखण्ड, बिहार, बंगाल व देश के सभी राज्यों में ब्यूरो व संवाददाता बनने संपर्क कर सकते हैं।

**इन पदों में होंगे नियुक्त...**

1 - राज्य ब्यूरो प्रमुख
2 - राज्य अपराध ब्यूरो प्रमुख
3 - जिला ब्यूरो प्रमुख
4 - जिला अपराध ब्यूरो प्रमुख
5 - तहसील संवाददाता
6 - तहसील अपराध संवाददाता

अपना फोटो लगा बायोडाटा हमारी ई-मेल आईडी bharatsammannews@gmail.com या व्हाट्सएप No. 09303890212 पर भेजे।

**नोट**

1. केवल ईमानदार लोग ही संपर्क करें, पत्रकारिता के नाम पर वसूली करने अथवा ब्लैकमेल करने वालों से हमारा कोई वास्ता नहीं
2. यहां नौकरी नहीं दी जाती है, यदि हमारे संस्था के नाम का गलत इस्तेमाल करता है, तो हमारे द्वारा जारी नंबर पर शिकायत जरूर करें।

प्रसार/प्रबंध
सम्पादक
भारत सम्मान न्यूज नेटवर्क
094242 62547
09303890212

# पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने केन्द्र व राज्य सरकार पर लगाये कई गंभीर आरोप

## रायगढ़ संसदीय सीट से भी जारी हुआ सात मुद्दों को लेकर अलग घोषणा पत्र

**रायगढ़।** लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस की प्रत्याशी डॉ. मेनका देवी सिंह के लिए अपना घोषणा पत्र जारी किया है। इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अध्यक्षता की और प्रेस को जवाब भी दिया। इस मौके पर बघेल ने मुख्यमंत्री पर सांसद रहते हुए काम न करने का आरोप लगाया। डॉ. मेनका सिंह ने चुनाव जीतने के बाद 7 गारंटी पूरी करने का वादा पत्रकारों के सामने रखा। जो उनका पार्टी से अलग घोषणा पत्र है। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी पत्रकारों को कहा कि इस बार छत्तीसगढ़ में कांग्रेस अच्छा प्रदर्शन करेगी लेकिन भाजपा भी ज्यादा सीटें जीत रही है।




अपने चुनावी दौरे पर रायगढ़ संसदीय सीट से चुनाव लड रही मेनका देवी सिंह के पक्ष में माहौल बनाने कल देर रात पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने पार्टी के आधे दर्जन से भी अधिक विधायकों के साथ रायगढ़ पहुंचे। रात को ही उन्होंने संजय मैदान में एक नुक्कड सभा संबोधित करने के बाद आज सुबह रायगढ़ संसदीय सीट से 7 वादों को लेकर जारी घोषणा पत्र के बाद पत्रकारों से चर्चा के दौरान कई मुद्दों पर विष्णुदेव साय सरकार व केन्द्र की मोदी सरकार को घेरा। इस दौरान भूपेश बघेल से जब यह सवाल पूछा गया कि कांग्रेस में इतना अंतर्विरोध है कि राष्ट्रीय प्रवक्ता को रोना पड़ रहा है तो उन्होंने कहा कि मामला हमारे भी संज्ञान में आया है हम इसे देख रहे हैं। पार्टी के अंतर्विरोधों पर यह भी कहा कि यह छोटे मोटे अंतर्विरोध सभी जगह होते ही हैं। इस धारण उन्होंने स्थानीय घोषणापत्र से संबंधित जवाब भी दिया। उन्होंने रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र में औद्योगिक विकास संबंधी सवाल पर कहा कि 2014 के बाद रायगढ़ में इसका विकास धीमा हुआ है।

भूपेश बघेल ने रायगढ़ के औद्योगिक अराजकता पर भी उठे सवाल का जवाब दिया। उन्होंने कहा कि जहां ज्यादा उद्योग होते हैं वहां यह होता है। कांग्रेस ने ही वन अधिनियम और पर्यावरण अधिनियम जैसे कानून भी बनाया है। उन्होंने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा संविधान बदलना चाहती है। कांग्रेस ने अपने स्थानीय घोषणा पत्र में मजबूत रेलमार्ग वा सड़क कनेक्टिविटी, एयरपोर्ट सेवा, रायगढ़ में एम्स की स्थापना, जशपुर बी सारंगढ़ में मेडिकल कॉलेज, इको टूरिज्म सर्किट आदि की बात कही है। पत्रकारों के बातचीत के दौरान भूपेश बघेल ने रेल संबंधी मामले में भी केन्द्र सरकार को घेरा भूपेश बघेल ने यह आरोप लगाया कि वंदे भारत टेऊन का किराया चार गुना ज्यादा है वहीं टेऊनों की रफ्तार व उनके आवागमन को लेकर कोई पहल नही हो रही है।

# संपादकीय

## भारत के खिलाफ अलगाववाद पर जस्टिन टूडो की नरमी से कनाडा-भारत संबंध प्रभावित होने की आशंका

एक देश का नेतृत्व करते हुए क्या ट्रूडो इस बात को समझने की कोशिश नहीं करनी चाहिए कि खालिस्तानी अलगाववाद की समस्या भारत को किस तरह प्रभावित करती है? एक समुदाय के रूप में सिखों का योगदान भारत के लिए बेहद अहम रहा है और एक आम सिख भारत से प्यार ही करता है। जब भी भारत की ओर से कनाडा पर खालिस्तानी अलगाववादियों को लेकर नरम रुख अपनाने या संरक्षण देने के आरोप लगाए जाते हैं, तो वहां की सरकार इससे इनकार करती है। मगर अक्सर ऐसे उदाहरण सामने आते रहते हैं, जिनसे साफ है कि कनाडा में शीर्ष नेतृत्व के स्तर पर खालिस्तान समर्थकों पर लगाम लगाने की कोशिश नहीं होती। बल्कि प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से उन्हें संरक्षण दिया जाता है। बीते रविवार को कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की मौजूदगी में खालिस्तान के समर्थन में नारे लगाए गए और वे उस पर मुस्कुराते रहे। गौरतलब है कि टोरंटो में मनाए गए 'खालसा दिवस' और 'सिखों के नव वर्ष' के कार्यक्रम में ऐसी नारेबाजी तब हुई जब ट्रूडो सिख समुदाय को संबोधित करने के लिए आगे बढ़े। उस कार्यक्रम में ट्रूडो ने सिखों के अधिकारों और स्वतंत्रता की रक्षा की कसम खाई। अपने देश में किसी व्यक्ति या समूह के अधिकारों और स्वतंत्रता की रक्षा करना अच्छी बात है, पर सवाल है कि जिस व्यक्ति या समूह के लिए यह बात की जा रही है, उसकी मंशा और राजनीति क्या है। एक देश का नेतृत्व करते हुए क्या ट्रूडो इस बात को समझने की कोशिश नहीं करनी चाहिए कि खालिस्तानी अलगाववाद की समस्या भारत को किस तरह प्रभावित करती है? एक समुदाय के रूप में सिखों का योगदान भारत के लिए बेहद अहम रहा है और एक आम सिख भारत से प्यार ही करता है। ऐसे में चंद अलगाववादी तत्त्वों को प्रश्रय देकर ट्रूडो क्या दर्शाना चाहते हैं? स्वाभाविक ही ताजा मामले को लेकर भारत ने कनाडा के उप-उच्चायुक्त को तलब कर सख्त विरोध दर्ज कराया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह एक बार फिर उस राजनीतिक स्थान को दर्शाता है, जो कनाडा में अलगाववाद, उग्रवाद और हिंसा को दिया गया है। ट्रूडो शायद इस बात से भी बेफिक्र दिखते हैं कि भारत के खिलाफ अलगाववाद पर उनकी नरमी दोनों देशों के संबंधों को किस स्तर पर प्रभावित कर सकती है।

## महिलाओं के खाते में पहुंची महतारी वंदन योजना की तीसरी किश्तः विष्णुदेव साय

**रायपुर।** साय सरकार ने महतारी वंदन योजना के अंतर्गत तीसरी किश्त महिलाओं के खाते में ट्रांसफर कर दी है. इसके तहत प्रदेश की 70 लाख से अधिक महिलाओं को एक-एक हजार की राशि उनके खातों में पहुंचाई गई है. सीतापुर की चुनावी सभा में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने यह जानकारी दी. उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने आज महतारी वंदन योजना की तीसरी किश्त दे दी है. उन्होंने सभी माताओं-बहनों से अपना-अपना खाता चेक करने की बात कही। गौरतलब है कि महिला एवं बाल विकास विभाग ने आज महतारी वंदन योजना की तृतीय किश्त अर्थात् तृतीय माह की सहायता राशि का भुगतान किया है. महतारी वंदन योजना प्रदेश में 01 मार्च 2024 से लागू की गई है. मार्च माह की सहायता राशि 10 मार्च 2024 को महतारी वंदन सम्मेलन का आयोजन करते हुए की गई थी. माह अप्रैल की सहायता राशि 3 अप्रैल 2024 को भुगतान की गई थी. माह मई 2024 की सहायता राशि का भुगतान 1 मई को करने के लिए प्रकिया अपनाई गई तथा माह मई की सहायता राशि कुल 654.90 करोड़ का भुगतान किए जाने की प्रक्रिया की गई है. इनमें से 63,59,226 हितग्राहियों को आधार लिंक खातों के आधार पर डीबीटी के माध्यम से भुगतान किया जा रहा है. इसके अंतर्गत उनके आधार से लिंक हुए बैंक खाते में सहायता राशि प्राप्त होगी. 6.48.004 हितग्राहियों, जिनके खाते आधार से लिंक नहीं है, उन्हें एनईएफटी के माध्यम से उनके खाते में भुगतान किया जा रहा है। पूरे प्रदेश में 70.26.452 हितग्राहियों का चिन्हांकन किया गया था, जिनमें से 70,12.417 आवेदन स्वीकृत किए गए थे. अद्यतन स्थिति में मृत हुए हितग्राही एवं अपात्र हितग्राहियों को सूची से हटाते हुए माह मई में कुल 70,07,230 हितग्राहियों को भुगतान किया गया है.

# कांग्रेस की प्रेसवार्ता में पवन खेड़ा ने बीजेपी पर साधा निशाना

## कहा- बीजेपी मुद्दाविहीन, हिंदू-मुस्लिम, मंगलसूत्र, मंदिर के नाम पर लड़ रही है चुनाव



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की 3 सीटों पर 7 मई को मतदान होना है. जिसके मद्देनजर सभी पार्टियों ने चुनावी प्रचार तेज कर दिया है. इसके साथ ही सियासी बयानबाजियां भी तेज होती जा रही है. आज राजधानी स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में ,द्धष्टष्ट संचार अध्यक्ष पवन खेड़ा ने प्रेसवार्ता की, इस दौरान उन्होंने बीजेपी पर जमकर निशाना साधा. उन्होंने इस लोकसभा चुनाव में बीजेपी को मुद्दाविहीन बताया. उन्होंने कहा कि भाजपा हिंदू-मुस्लिम, मंगलसूत्र, मंदिर के नाम पर लड़ रही है. मोदी सरकार लोकतंत्र और संविधान को खत्म करना चाहती है। भाजपा 400 पार वाले नारे पर पवन खेड़ा ने कहा कि बीजेपी 400 पार इसलिए कह रही है क्योंकि उसी नीयत में खोट है. भाजपा संविधान बदलना चाहती है, आरक्षण खत्म करना चाहती है. जबकि कांग्रेस जातिगत जनगणना के पक्ष में है. छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार आरक्षण देना चाहती थी, लेकिन भाजपा ने विधेयक ही राजभवन में लंबित करवा दिया. उन्होंने कहा- 10 साल में मोदी सरकार में सिर्फ धोखा ही धोखा हुआ है. कितने युवाओं ने, महिलाओं ने, किसानों ने, व्यवसायियों ने आत्महत्या की है. मोदी सरकार की नीति और नीयत में खोट है। चुनाव आयोग की ओर से दस दिनों बाद पहले चरण और दूसरे चरण के चुनाव के डेटा जारी करने के सवाल पर पवन खेड़ा ने कहा कि पहली बार ऐसा हो रहा है कि मतदान के आंकड़ों में भारी अंतर आया है. हम स्टडी के बाद चुनाव आयोग जाएंगे. वहीं प्रधानमंत्री मोदी के कांग्रेस मेनीफेस्टो में मुस्लिम लीग की छाप होने वाले बयान पर उन्होंने कहा कि पूरे घोषणा पत्र में मुस्लिम लीग का कही नाम नहीं है. मुस्लिम लीग का घोषणा पत्र मैंने पढ़ा नहीं, प्रधानमंत्री ने पढ़ा हो तो नहीं पता. इस दौरान इस दौरान खेड़ा ने पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए उनकी एंटायर पॉलिटिकल साइंस की डिग्री को भी चुनौती देने की भी बात कही।

# रायगढ़ के पूर्व विधायक प्रकाश नायक के छोटे भाई जिला पंचायत सदस्य कैलाश नायक ने थामा ओपी चौधरी का दामन!

## कांग्रेस छोड़ साथियों के साथ ज्वाइन की भाजपा



**रायगढ़।** जिले की सियासी गलियारों से एक बड़ी खबर निकल कर आ रही है। यहां रायगढ़ के पूर्व कांग्रेसी विधायक प्रकाश नायक के छोटे भाई और जिला पंचायत सदस्य कैलाश नायक ने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। इसके साथ ही उन्होंने कोरबा जिले में रायगढ़ विधायक और सूबे के मंत्री ओपी चैधरी के समक्ष अपने दल बल के साथ भारतीय जनता पार्टी ज्वाइन कर ली है।

अपनी स्थितीफे में उन्होंने लिखा कि मैं कैलाश डॉ शक्राजीत नायक जिला पंचायत सदस्य के रूप में सरिया क्षेत्र ( विधानसभा रायगढ़ ) का विगत 4 वर्षों से प्रतिनिधित्व कर रहा हूं। मेरे राजनीतिक जीवन मैं साथ देने और संवारने के लिए कांग्रेस पार्टी, नेतृत्व और बड़े भाई प्रकाश नायक सहित मेरे सभी साथियों का आभार व्यक्त करता हूं। आज मैं कांग्रेस पार्टी के प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रहा हूं।

इधर उनके भाजपा प्रवेश पर मंत्री ओपी चैधरी ने बधाई दी है और अपने सोशल मीडिया अकाउंट के माध्यम से इसकी जानकारी दी और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीति-रीति से प्रभावित होकर रायगढ़ के जनप्रतिनिधियों ने भाजपा का दामन थामा है। कांग्रेस के जिला पंचायत सदस्य कैलाश नायक , रायगढ़ के पूर्व विधायक के प्रतिनिधि हुकुम चंद अग्रवाल सहित महावीर अग्रवाल , कैलाश अग्रवाल, योगेन्द्र अग्रवाल, टिंकू अग्रवाल ने मोदी के नेतृत्व पर विश्वास जताते हुए बुधवार को भाजपा प्रवेश किया। इस दौरान ब्रृजेश अग्रवाल, आशुतोष अग्रवाल भी उपस्थित थे। नायक परिवार शुरू से ही राजनीति के क्षेत्र में अपना दबदबा रखता है। इनके पिता डॉ शक्राजित नायक रायगढ़ से पूर्व विधायक के साथ साथ छत्तीसगढ़ सरकार में मंत्री भी रह चुके हैं।

उनके पिता डॉ शक्राजित नायक पहले भाजपा से सरिया विधानसभा विधायक रह चुके हैं। छत्तीसगढ़ सरकार के गठन के बाद भाजपा छोड़ उन्होंने कांग्रेस ज्वाइन कर ली और इसके साथ ही सिंचाई मंत्री के रूप में अपना कार्य भी किया। सरिया सीट विलोपित होने के बाद उन्होंने रायगढ़ से चुनाव लड़ा और एक बार जीते। इसके बाद अगली विधानसभा में उन्हें हार का सामना करना पड़ा।

डॉक्टर साहब की राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ते हुए उनके पुत्र प्रकाश नायक ने 2018 में रायगढ़ से कांग्रेस की टिकट पर विधायक का चुनाव लड़ा और कांग्रेस की लहर में जीते भी। इसके बाद कांग्रेस ने अगले विधानसभा चुनाव में उन्हें दोबारा प्रत्याशी चुना, मगर उन्हें रायगढ़ के वर्तमान विधायक ओपी चैधरी से भारी मतों से हार का सामना करना पड़ा। आज उनके छोटे भाई ने ओपी चैधरी के ही समक्ष भारतीय जनता पार्टी ज्वाइन कर ली।

# भाजपा का कांग्रेस पर बड़ा हमला, सोशल मीडिया पर कार्टून पोस्टर से जमकर साधा निशाना

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता राधिका खेड़ा और संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद के बीच विवाद का वीडियो सामने आने के बाद सियासत तेज हो गई है। छत्तीसगढ़ भाजपा ने सोशल मीडिया पर कांग्रेस प्रवक्ता सुशील आनंद शुक्ला और राष्ट्रीय प्रवक्ता राधिका का कार्टून पोस्टर ट्वीटर पर पोस्ट कर बड़ा हमला किया है।

आपको बता दें, छत्तीसगढ़ कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में बुधवार की सुबह भारी बहस, तू-तू, मैं-मैं, हंगामा हुआ। कांग्रेस के संचार विभाग में घटित इस घटना से संचार विभाग में मंगलवार शाम को राधिका खेड़ा ने मीडिया वालों को बाइट के लिए आमंत्रित किया था। बाइट देने के बाद बाद वह संचार विभाग मौजूद थीं। मीडिया के लोग बाइट लेने के बाद जा चुके थे।




## कांग्रेस प्रवक्ताओं में हुई तीखी बहस

इसके कुछ देर बाद ही संचार अध्यक्ष प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला के कमरे के बाहर बहस होने की आवाजें आने लगी। जानकारी के मुताबिक, सुशील आनंद शुक्ला और राधिका खेड़ा के बीच कुछ-कुछ बातों को लेकर तीखी बहस होने लगी। जिसके बाद राधिका खेड़ा कांग्रेस भवन से रोते हुए बाहर निकली और अपने होटल के लिए रवाना हो गई।

## बहस का वीडियो आया सामने


दूसरे दिन बुधवार को इस बहस की वीडियो सामने आ गई। इसमें राधिका को कहते हुए सुना जा सकता है कि वह किसी बड़े कांग्रेस नेता से रोते हुए यह कह रही है कि वह कांग्रेस पार्टी छोड़ रही है। उनके साथ दशकों की राजनीति में कभी ऐसा नहीं हुआ है। वहीं इस मामले की शिकायत राधिका खेड़ा ने दिल्ली पार्टी कार्यालय, वरिष्ठ नेताओं से भी कर दी है।

## कांग्रेस की महिलाओं को दी सलाह

वहीं लोकसभा चुनाव से पहले अब भाजपा के पास कांग्रेस निशाना साधने का बड़ा मुद्दा मिल गया है। इस मामले में भाजपा प्रवक्ता केदार गुप्ता ने वीडियो जारी कर कहा है कि, राधिका का खेड़ा का वीडियो देखकर दुख हुआ है. लेकिन भाजपा राधिका से यह कहना चाहती है कि आप कांग्रेसियों बच लीजिए, छत्तीसगढ़ में आपको कुछ नहीं होगा यह साय सरकार, मोदी जी की गारंटी है। कांग्रेस अपने महिलाओं को सम्मान नहीं करती, यह राधिका खेड़ा के वीडियो से स्पष्ट हो गया है।

## कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता राधिका खेड़ा और संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद के बीच विवाद

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में भारी बहस, तू-तू, मैं-मैं, हंगामा, रोने की चर्चा है. यह चर्चा कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता राधिका खेड़ा के उस ट्वीट के बाद तेज हो गई, जिसमें उन्होंने माता कौशल्या के मायके में बेटियों के सुरक्षित नहीं होने और पुरुष मानसिकता से ग्रसित लोगों के हावी होने को लेकर की. साथ ही यह भी कहा है कि वह कुछ खुलासा करेंगी। दरअसल, यह पूरा मामला जुड़ा है संचार विभाग में घटित घटना से. संचार विभाग में मंगलवार शाम को राधिका खेड़ा मीडियावालों को बाइट के लिए आमंत्रित किया था. बाइट देने के बाद बाद वह संचार विभाग मौजूद थीं. मीडिया के लोग बाइट लेने के बाद जा चुके थे. कुछ देर में संचार अध्यक्ष प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला के कमरे के बाहर बहस होने की आवाजें आने लगी. जानकारी के मुताबिक, सुशील आनंद शुक्ला और राधिका खेड़ा के बीच कुछ-कुछ बातों को लेकर तीखी बहस होने लगी. बहस बढ़ते-बढ़ते इस कदर बढ़ गई की नौबत तू-तू, मैं-मैं और उससे आगे की आ गई थी. बढ़ते विवाद के बीच बताया जा रहा है कि राधिका खेड़ा कांग्रेस भवन से रोते हुए बाहर निकली और अपने होटल के लिए रवाना हो गई. कांग्रेस भवन के अंदर हुई बहसबाजी की बात ज्यादा देर तक छिपी नहीं रही और राधिका खेड़ा के एक्स पर पोस्ट के साथ ही धीरे-धीरे बाहर आने लगी. राधिका खेड़ा ने घटना के कुछ घंटों बाद ही यह पोस्ट की। उनके इस पोस्ट के बाद लोग कई तरह के कयास लगाने लगे. हालांकि, कांग्रेसियों की आपसी चर्चा और मीडिया फैलते रायता के बाद यह साफ हुआ कि मामला कांग्रेस भवन में आपसी समन्वय और हस्तक्षेप से जुड़ा हुआ है. यह भी स्पष्ट हो गया कि कई दिनों से चली आ रही खींचताना का नतीजा सुशील आनंद शुक्ला और राधिका खेड़ा के बीच हुई बहस है। कांग्रेस भवन में हुई बहसबाजी पर विराम लगता उससे पहले ही एक वीडियो सामने आ गया. वीडियो कांग्रेस भवन का है. वीडियो में राधिका खेड़ा की आवाज सुनाई पड़ रही है. वीडियो में राधिका किसी बड़े कांग्रेस नेता से बात कर रही है. और रोते हुए यह कह रही है कि वह कांग्रेस पार्टी छोड़ रही है. उनके साथ दशकों की राजनीति में कभी ऐसा नहीं हुआ है. वहीं इस मामले की शिकायत राधिका खेड़ा ने दिल्ली पार्टी कार्यालय, वरिष्ठ नेताओं से कर दी है। इस मामले में कांग्रेस संचार अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि यह पार्टी का आंतरिक मामला है. जैसा प्रचारित मीडिया में हो रहा है, वैसा कुछ भी नहीं है. पार्टी के इस मामले को सुलझा लिया जाएगा. जिसकी जो



भी शिकायतें है दूर कर ली जाएगी। वहीं चुनाव के मौके पर भाजपा का एक तरह से कांग्रेस को घेरने के लिए बैठे-बैठाए मुद्दा मिल गया है. भाजपा प्रवक्ता केदार गुप्ता ने वीडियो जारी कर कहा है कि राधिका का खेड़ा का वीडियो देखकर दुख हुआ है. लेकिन भाजपा राधिका से यह कहना चाहती है कि आप कांग्रेसियों बच लीजिए, छत्तीसगढ़ में आपको कुछ नहीं होगा यह साय सरकार, मोदी जी की गारंटी है. कांग्रेस अपने महिलाओं को सम्मान नहीं करती, यह राधिका खेड़ा के वीडियो से स्पष्ट हो गया है.

### राधिका खेड़ा के वायरल वीडियो पर 'बखेड़ा'

**भोपाल।** कांग्रेस नेता राधिका खेड़ा का एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है, जिसमें वो रो रही हैं। इसी वीडियो में राधिका खेड़ा की आवाज आ रही है, जिसमें वो फोन पर किसी से बात करते हुए बोल रही हैं, सर ऐसा नहीं है। मैं पार्टी छोड़ के जा रही हूं। वीडियो छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के कांग्रेस भवन का है। राधिका खेड़ा का वीडियो वायरल होते ही भाजपा कांग्रेस पर हमलावर हो गई है। मध्यप्रदेश बीजेपी के मीडिया प्रभारी आशीष ऊषा अग्रवाल ने 'एक्स' पर लिखा कि कांग्रेस पार्टी के 'आचार-विचार और संस्कार' ही महिलाओं के प्रति गैर जिम्मेदार है! 70 साल देश पर राज करने वाली कांग्रेस में जिस महिला ने 40 साल दिए हो वो आज कांग्रेस दफ्तर में फूट फूट कर रो रही है। छत्तीसगढ़ कांग्रेस दफ्तर के हुए दुर्व्यवहार से आहत राधिका खेड़ा, चिल्ला-चिल्ला कर सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी और सुप्रिया श्रीनेत्र से कह रही है कि 'लड़की हूं,लड़ सकती हूं'। सोशल मीडिया पर ट्वीट और वायरल ऑडियो में कांग्रेस की छत्तीसगढ़ राज्य मीडिया प्रभारी व राष्ट्रीय प्रवक्ता राधिका खेड़ा के दर्द को महसूस किया जा सकता है, राधिका चीख चीख कर कह रही है कि- 'कांग्रेस दफ्तर में मेरे साथ बदतमीजी की गई है'। 'कांग्रेस के भीतर प्रियंका गांधी के नारे को किसी ने तो चरितार्थ कियाज्डरो मत राधिका बहन, कांग्रेस में व्याप्त घृणा के भाव से डटकर मुकाबला करो, आवाज उठाओ और सुप्त पड़ी कांग्रेस में महिला शक्ति के जगाओ।'

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने श्रमिकों के साथ खाया बोरे बासी

### कहा- ये झोपड़ी में रहकर लोगों के लिए महल बनाते हैं, इन पर टिका है हमारा विकास

**रायपुर।** मजदूर दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय राजधानी रायपुर के गांधी चौक में आयोजित 'कामगारों का सम्मान समारोह' में शामिल हुए. इस दौरान सीएम साय ने श्रमिकों के साथ बोरे बासी भी खाया. वहीं मुख्यमंत्री ने श्रमिक दिवस की सभी श्रमिकों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि श्रमिकों के साथ भोजन करने का मौका मिला. यहां श्रमिकों को 5 रुपये में भरपेट भोजन मिलता है. रमन सरकार के दौर से यह योजना शुरू हुई थी. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बताया भारत सरकार में 2 साल लेबर मिनिस्टर के रूप में काम किया. मैं गांव का रहने वाला हूं, श्रमिकों की समस्या हम समझते हैं. इतना कोई नहीं समझ पाएगा. ये झोपड़ी में रहकर लोगों के लिए महल बनाते हैं. श्रमिकों को नमन करता हूं, हमारा विकास इन्हीं पर टिका है।



**खड़गे के बयान पर सीएम साय का पलटवार-** मल्लिकार्जुन खड़गे के राम और शिव को लड़ाने वाले बयान पर सीएम ने पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस मुद्दा विहीन हो गई है. पूरे देश और छत्तीसगढ़ में जनता का विश्वास खो चुकी है. मुद्दे से भटक गए हैं और कुछ भी बोल रहे हैं.



## डिप्टी सीएम साव ने कहा- कांग्रेस अपने महिला प्रवक्ता के साथ न्याय नहीं कर सकती तो देश की महिलाओं को क्या न्याय देगी?

**रायपुर।** उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कांग्रेस पार्टी में महिला के अपमान को लेकर बड़ा हमला बोला है. उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय में उनकी राष्ट्रीय स्तर की महिला प्रवक्ता ही सुरक्षित नहीं है तो क्या कांग्रेस के राज में महिलाएं सुरक्षित रह पाएंगी? कांग्रेस अपने महिला प्रवक्ता के साथ न्याय नहीं कर सकती तो देश की महिलाओं को क्या न्याय देगी। साव ने कहा कि जो महिलाओं को अपने घर में सम्मान नहीं दे पा रहे, जिस पार्टी की महिलाओं की सिसकियां उनके कार्यालयों में गूंजती हो, उस पार्टी से महिला सुरक्षा की अपेक्षा बेमानी है। उपमुख्यमंत्री साव ने कहा, कांग्रेस नारी सम्मान और नारी न्याय की बात करती है. वहीं जिस तरह से राधिका खेड़ा का कांग्रेस भवन के अंदर रोते हुए वीडियो सामने आया है. उन्हें उस परिस्थितियों का सामना करना पड़ा है, ये बताता है कि कांग्रेस में महिलाओं का क्या सम्मान है. कांग्रेस देश की आधी आबादी महिलाओं का सम्मान नहीं करती है. पुरुषवादी मानसिकता अभी तक हावी है. कांग्रेस महिला विरोधी है, ये स्पष्ट हो गया है.

## नदी में मिल रहा शराब फैक्ट्री से निकला केमिकल युक्त पानी



### पशुओं, जलीय जंतु और फसलों को हो रहा नुकसान, प्रबंधक को स्ष्टरूने जारी किया नोटिस

**मुंगेली।** जिले के सरगांव तहसील के ग्राम धूमा के ग्रामीणों ने गांव में मौजूद भाटिया वाईन मर्चेन्टशराब फैक्ट्री के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है. यहां के ग्रामीणों का आरोप है कि शराब फैक्ट्री से केमिकल युक्त दूषित पानी के नदी में बहाया जा रहा है. वहीं शराब निर्माण के दौरान फैलने वाली बदबू और केमिकल युक्त पानी से आने वाले वाली दुर्गंध से आसपास के आधा दर्जन गांव के लोग काफी परेशान है। ग्रामीणों का कहना है कि केमिकल युक्त पानी से पशुओं, जलीय जीव-जंतु और फसलों को नुकसान हो रहा है. स्थानीय रहवासियों की शिकायत पर एसडीएम भरोसा राम ठाकुर ने इस मामले में संज्ञान लेते हुए शराब फैक्ट्री प्रबधंक को नोटिस जारी किया है. बता दें कि एसडीएम भरोसा राम ठाकुर ने इस मामले में शराब फैक्ट्री के संचालक के खिलाफ दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 133 (1) (च) के तहत कार्यवाही किए जाने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया है. इसके साथ ही क्षेत्रीय प्रबंधक पर्यावरण संरक्षण मण्डल बिलासपुर से तत्काल जांच रिपोर्ट भी मांगी गई है.

# तीसरी बार मोदी को प्रधानमंत्री बनाओ, दो साल में नक्सलवाद को मूल समेत उखाड़ फेकेंगे: अमित शाह

**कटघोरा (कोरबा)।** मोदी जी ने झारखंड, बिहार, ओडिशा, तेलंगाना, आंध्र, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश उससे नक्सलवाद को पांच साल में समाप्त किया है. लेकिन छत्तीसगढ छूट गया था, क्योंकि यहां भूपेश कका की सरकार थी. मगर मैं कहता हूं कि मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाओ, दो साल में नक्सलवाद को मूल समेत उखाड़ कर फेंक देंगे. यह बात कटघोरा (कोरबा) में जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कही।



कोरबा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय के पक्ष में प्रचार करने कटघोरा पहुंचे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपने संबोधन में कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि भूपेश कका की सरकार नक्सलवाद को बढावा देती रही. विष्णु देव की सरकार बनी, चार महीने में 95 लोगों को ढेर करने का काम कर दिया. 300 लोग अरेस्ट हुए. कई सरेंडर हुए।

अमित शाह ने कहा कि हमारे सुरक्षा बलों ने पराक्रम दिखाते हुए 29 नक्सलवादी मारे गए. कल भी 10 मारे गए, लेकिन भूपेश कका निर्लज्जता से फेक एनकाउंटर कहते हैं. भूपेश कका नक्सलियों ने भी स्वीकार कर लिया है कि हमारा बड़ा नुकसान हुआ है, लेकिन कांग्रेस वालों को शर्म नहीं आती है। केंद्रीय गृह मंत्री ने मौजूद जन समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी ने (चुनाव) जीतने के लिए सालों से इस देश में आतंकवाद और नक्सलवाद का पोषण किया. अब आपको चिंता करने की जरूरत नहीं है. यहां आपने कमल फूल की सरकार बनाई है, ऊपर मोदी जी की कमल फूल की सरकार बनने वाली है. नक्सलवाद को जाना ही जाना है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी को राम जन्मभूमि में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण भेजा गया, सोनिया को भी भेजा, राहुल बाबा को भी भेजा, खरगे साहब को भी भेजा. लेकिन मैं आश्चर्यचकित हो गया. क्या कोई रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के निमंत्रण को ठुकरा सकता है? दरअसल, कांग्रेस पार्टी ने माइनॉरिटी के डर से उनकी वोट बैंक के डर से उन्होंने रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के निमंत्रण को ठुकराया है।

शाह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का एक ही सूत्र है कि झूठ बोलो, जोर से बोलो, सार्वजनिक रूप से बोलो और बार-बार बोलो. मेरा एक फेक वीडियो बनाकर कांग्रेस के लोगों ने प्रसारित कर दिया. कांग्रेस कहती है कि मोदी जी को बहुमत मिलेगा तो वो आरक्षण हटा देंगे. 10 वर्षों से जनता के आशीर्वाद से श्री नरेन्द्र मोदी के पास बहुमत है लेकिन न आरक्षण हटाया गया है, न हटाया जाएगा. भाजपा ने बहुमत का उपयोग अनुच्छेज 370 हटाने, श्री राम जन्मभूमि पर मंदिर बनाने, नागरिकता संशोधन कानून लाने, तीन तलाक को हटाने के लिए किया है और अब छत्तीसगढ़ में भी बहुमत का उपयोग नक्सलवाद को समाप्त करने के लिए किया जाएगा. जब तक भारतीय जनता पार्टी का एक भी सांसद भारत की संसद में है, एससी, एसटी और ओबीसी के आरक्षण को न भाजपा हटाएगी और न कांग्रेस को हटाने देगी, ये मोदी की गारंटी है.

शाह ने कहा, कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे कहते हैं कि नरेन्द्र मोदी जी आएंगे तो गरीबों का सत्यानाश होगा. खड़गे जी से पूछा जाना चाहिए कि 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालने से गरीबों का कल्याण हुआ कि नहीं? 80 करोड़ गरीबों को नि:शुल्क राशन, 12 करोड़ माताओं को शौचालय, 4 करोड़ लोगों को घर, 14 करोड़ लोगों को नल से जल मिला, 7 करोड़ लोगों को 5 लाख तक का पूरे स्वास्थ्य का खर्चा मिला, ये फायदा है कि नहीं? खड़गे साहब, एक परिवार के लिए झूठ बोल रहे हैं. 4 जून को हारने के बाद ये ठीकरा खड़गे साहब के ऊपर ही फूटने वाला है। 4 जून को जैसे ही कांग्रेस हारेगी ये भाई-बहन तो सुरक्षित रहेंगे, लेकिन 80 वर्ष की आयु के खड़गे जी पर ही हार का ठीकरा फोड़ दिया जाएगा. शाह ने कोरबा की जनता से नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार पुन: प्रधानमंत्री बनाने के लिए कोरबा लोकसभा प्रत्याशी डॉ. सरोज पांडे को विजयी बनाने की अपील की.

## पूर्व पीसीसीएफ राकेश चतुर्वेदी भाजपा में हुए शामिल, अमित शाह की सभा में थामा बीजेपी का दामन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के पूर्व वन बल प्रमुख (पीसीसीएफ) राकेश चतुर्वेदी भाजपा में शामिल हो गए हैं. कोरबा जिले के कटघोरा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की सभा में उन्होंने भाजपा में प्रवेश किया. मंच पर गृहमंत्री विजय शर्मा, मंत्री ओपी चौधरी, लखनलाल देवांगन, श्याम बिहारी जायसवाल, केदार कश्यप और भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडे मौजूद हैं. बता दें कि भूपेश बघेल सरकार में राकेश चतुर्वेदी वन महकमे के मुखिया थे. केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह कटघोरा के मेला ग्राउंड में चुनावी सभा को संबोधित करने वाले हैं.. शाह भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडे के पक्ष में चुनाव प्रचार करेंगे.

## राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर पूर्व सीएम बघेल ने खाया 'बोरे बासी', सोशल मीडिया पर शुरु किया कैंपेन

**रायपुर।** राष्ट्रीय मजदूर दिवस के मौके पर छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भुपेश बघेल ने रायगढ़ में बासी खाकर सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर किया है.

माइक्रो ब्लॉगिंग प्लेट्फॉर्म एक्स पर पूर्व सीएम ने राष्ट्रीय मजदूर दिवस की शुभकामनाएं दी. इसके साथ ही उन्होंने प्रदेशवासियों से बोरे-बासी खाते हुए फोटो-वीडियो को हैशटैग के साथ शेयर करने की भी अपील की है। बता दें, पूर्व मुख्यमंत्री बघेल ने अपने कार्यकाल के दौरान छत्तीसगढ़ में मजदूर दिवस को 'बोरे बासी दिवस' घोषित किया था. कांग्रेस पार्टी ने अपने कार्यकाल से आज के दिन को बोरे बासी दिवस के रूप में




मनाने की परंपरा को जारी रखा हुआ है. आज पूर्व सीएम के अलावा प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज सहित कांग्रेस के कई नेताओं ने भी अपने-अपने परिवार के साथ बासी का आनंद लिया और सोशल मीडिया पर तस्वीरें साझा कर कैंपेन का हिस्सा बनते हुए मजदूर दिवस की शुभकामनाएं दी हैं.

### क्या होता है बोरे और बासी

छत्तीसगढ़ राज्य में अधिकतम मजदूर बोरे और बासी का सेवन करते हैं. दरअसल, चांवल को पका कर उसे पानी में भिगा दिया जाता है और इसे आम के आचार या टमाटर की चटनी के साथ खाया जाता है. वहीं बासी रात में पके हुए चांवल को पानी में भिगाकर रखा जाता है और सुबह आचार, सब्जी या चटनी के साथ इसका सेवन किया जाता है. आपको बता दें, गर्मियों के दिन में बासी का सेवन करन काफी सेहतमंद होता है.

अपना खुद का न्यूज पोर्टल बनवाएं
पूर्ण Registration के साथ
+91 9303890212





## प्रियंका वाड्रा आज कोरबा में, कांग्रेस प्रत्याशी ज्योत्सना महंत का करेंगी प्रचार

**रायपुर।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका वाड्रा 2 मई को छत्तीसगढ़ के कोरबा लोकसभा में कांग्रेस प्रत्याशी ज्योत्सना महंत की पक्ष में प्रचार करेंगी. छत्तीसगढ़ के बाद प्रियंका गांधी का मध्यप्रदेश दौरा है। प्रियंका वाड्रा के छत्तीसगढ़ प्रवास को लेकर मिनट टू मिनट जारी किया गया है. तय कार्यक्रम के अनुसार, प्रियंका गांधी सुबह 11:45 पर बिलासपुर एयरपोर्ट पहुंचेगी, जहां से कोरबा के लिए रवाना होंगी. 12:30 बजे कोरबा पहुंचकर चिरमिरी में आयोजित सभा में शामिल होंगी. 12.30 से 1.30 बजे तक चुनावी सभा में शामिल होंगी. 1.35 पर कोरबा से बिलासपुर के लिए प्रियंका गांधी रवाना होंगी. दोपहर 2 बजे प्रियंका बिलासपुर से मध्यप्रदेश दौरे के लिए रवाना होंगी।




स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक जितेन्द्र जायसवाल द्वारा जायसवाल प्रिंटिंग प्रेस राघवपुरी, डीगमा, अम्बिकापुर, छत्तीसगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। संपादक जितेन्द्र जायसवाल। मो.नं.-09424262547